## एक नजर में

### शहीद भगतसिंह कॉलोनी में 13 लाख की लागत से बनेगी सीमेन्ट कांक्रीट सड़क

**रतलाम।** वार्ड क्रमांक 9 स्थित शहीद भगतसिंह कॉलोनी में 13 लाख की लागत से सीमेन्ट कांक्रीट सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन महापौर प्रहलाद पटेल ने विधिवत् पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, नेता पक्ष भगतसिंह भदौरिया, पार्षद श्रीमती देवश्री पुरोहित, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती निशा-पवन सोमानी आदि उपस्थित थे। महापौर प्रहलाद पटेल ने इस अवसर कहा कि यह सड़क न केवल आवागमन को सरल बनाएगी, बल्कि क्षेत्र की सौंदर्य और सुव्यवस्था में भी वृद्धि करेगी। वर्तमान निगम परिषद द्वारा नगर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य करवाये जा रहे है विकास का यह क्रम रूकेगा नही। उन्होने कहा कि नगर विकास हेतु नगर निगम तो अपना कार्य कर ही रही है नागरिकों का भी कर्तव्य है कि रतलाम शहर को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। भूमि पूजन के अवसर पर पूर्व महापौर परिषद सदस्य पवन सोमानी, प्रशांत कुशवाह, यशवंत टेकवानी, श्रीमती ममता ओझा, सोना कुशवाह, संध्या ओझा, संगीता केलवा, किशन बोहरा, जया सिसोदिया, सुधा खंडेलवाल, इंद्रकुमार कोठारी, चेतन मेहता, आशीष खंडेलवाल, राजाराम तिवारी, प्रदीप ओझा, अखिलेश पांडे, भाजपा के विवेक शर्मा, धर्मेंद्र सिंह देवड़ा, धीरज प्रजापत, चेतन टॉक, संजय सांखला, घनश्याम वर्मा, सतीश तिवारी, अखिलेश ओझा सहित क्षेत्रिय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महापौर परिषद सदस्य पवन सोमानी ने किया व आभार क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती निशा सोमानी ने माना।

### नशा मुक्ति, समाज की शपथ ली

**रतलाम।** श्री हनुमान बाग में श्री विश्वकर्मा कास्ट एवं लौह कला कल्याण संगठन जिला स्तरीय बैठक रविवार को दोपहर सम्पन्न हुई। बैठक में सर्व प्रथम दीप प्रज्वलन ओर भगवान विश्वकर्माजी की आरती के साथ बैठक आयोजन प्रारंभ किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ के राष्ट्रीय विश्व हिंदू परिषद के गो रक्षक प्रमुख सोहनलाल विश्वकर्मा एवं संगठन के प्रदेश अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा, युवा मंच प्रदेश अध्यक्ष दिलीप शर्मा, जांगिड़ ब्राह्मण समाज अध्यक्ष जनक नागल, महिला मंडल प्रदेश अध्यम रेखा गौतम जी प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पा शर्मा एवं शकुंतला शर्मा की उपस्थिति में बैठक कार्य क्रम संपन्न हुआ। बैठक में विश्व हिंदू परिषद के प्रमुख सोहन विश्वकर्मा ने अपने संबोधन में गो माता की सेवा के साथ संरक्षण, समाजिक कुरीतियों जैसे नशा मुक्ति योजना, प्रति माह घर में हवन पूजन, शिक्षा में आर्थिक सहायता के साथ 10 युवक, युवतियां का आईपीएस शिक्षा के लिए चयन, महिला नि:शुल्क स्वास्थ सेवा योजना, प्लास्टिक के डिस्पोजलमुक्त योजना, समाज के क्षमतावान युवा ओर कुशल वक्ता को प्रोत्साहन, बेटियों को सेल्फ डिफेंस, कुश्ती, कराटे, शस्त्र कला का प्रशिक्षण, समाज जरूरत मंद को पशु पालन योजना, संगठन महिला सशक्तिकरण, महिला रोजगार सिलाई मशीन वितरण ओर प्रशिक्षण के साथ रोजगार, समाजिक जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान ओर युवा को यज्ञों पवित्र ओर शिखा रखना संस्कार, नि:शुल्क हेल्थ चेकअप, कुटुंब प्रबोधन, समाजिक ओर संगठनात्मक वृक्षा रोपण, वरिष्ठ जनों का सम्मान, संगठन नियम माप दण्ड लागू, ओर सामाजिक मुद्दोंपर क्रम बद्ध योजना के साथ दिशा निर्देश दिया। प्रदेश एवं जिला स्तरीय सभी पदाधिकारी गण ने इस पहल को धरातल पर उतरने पर सहमती दी ओर नशा मुक्ति, प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त समाज की शपथ ली, ओर सभी पदाधिकारी ने हनुमान मंदिर में पौधा रोपण भी किया। बैठक में जांगिड़ ब्राह्मण विश्वकर्मा समाज के अध्यक्ष जनक नागल, श्री विश्वकर्मा यात्रा संघ के अध्यक्ष संतोष शर्मा, जिला अध्यक्ष रमेश शर्मा, जिला प्रभारी राकेश शर्मा ओर युवा मंच जिला अध्यक्ष जगदीश शर्मा ओर कोष अध्यक्ष विनोद शर्मा महिला मंडल अध्यक्ष सरोज शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित होकर बैठक को सफल किया। बैठक आयोजन भोजन परसादी एवं जिला अध्यक्ष के आभार के साथ सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

### मंडल पर तत्काल आरक्षण चार्ट तैयार करने के समय में संशोधन

**रतलाम।** रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नवीनतम दिशा-निर्देशों के अनुसार पश्चिम रेलवे रतलाम के लिए आरक्षण चार्ट तैयार करने की समय-सारणी 14 जुलाई, 2025 से प्रभावी हो गई है। इस पहल का उद्देश्य परिचालन प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करना और यात्री सुविधा को बढ़ाना है। रतलाम मंडल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, प्रथम आरक्षण चार्ट तैयार करने के संबंध में रेलवे बोर्ड से प्राप्त निर्देशों के अनुरूप कार्यक्रम 05:01 बजे से 14:00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए पहला आरक्षण चार्ट एक दिन पहले 21:00 बजे तक तैयार किया जाएगा। 14:01 बजे से 16:00 बजे के बीच प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए पहला आरक्षण चार्ट उसी दिन 07:30 बजे तक तैयार किया जाएगा। 16:01 बजे से 23.59 बजे तक और 00.00 बजे से 05:00 बजे तक प्रस्थान करने वाली ट्रेनों के लिए पहला आरक्षण चार्ट निर्धारित प्रस्थान से आठ घंटे पहले तैयार किया जाएगा। दूसरे आरक्षण चार्ट की तैयारी के संबंध में मौजूदा प्रावधानों में कोई बदलाव नहीं होगा, जो अंतिम समय की बुकिंग को समायोजित करने के लिए मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार तैयार किया जाता रहेगा।

### लेवल क्रॉसिंग क्रमांक 61 से 2 दिन आवागमन प्रभावित

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के नागदा - गोधरा खंड में मेघनगर-थांदला रोड रेलवे स्टेशनों के मध्य लेवल क्रासिंग क्रमांक 61 (सजेली रेलवे फाटक) पर अनुरक्षण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। अनुरक्षण कार्य के दौरान लेवल क्रासिंग क्रमांक 61फाटक पर सड़क यातायात पूर्ण रूप से बंद रहेगा। मेघनगर-थांदला रोड रेलवे स्टेशन के मध्य लेवल क्रासिंग क्रमांक 61(सजेली रेलवे फाटक) पर अनुरक्षण कार्य 15 जुलाई 2025 प्रात: 09:00 बजे से 16 जुलाई 2025 को शाम 19:00 बजे तक किया जाएगा, जिस कारण लेवल क्रासिंग क्रमांक 61 (सजेली रेलवे फाटक) से सड़क यातायात पूर्ण रूप से बंद रहेगा।


# टैक्स और जीएसटी सलाहकार के घर-ऑफिस के खंगाले डिजिटल डाटा

**रतलाम।** इंदौर आयकर विभाग की एक विशेष टीम 10 वाहनों में रतलाम पहुंची। टीम ने प्रसिद्ध टैक्स व जीएसटी

**इनकम टैक्स विभाग टीम 10 वाहनों में रतलाम पहुंची, टैक्स चोरी की आशंका**

सलाहकार के घर और ऑफिस पर आयकर छापेमारी की। टीम को करोड़ों की टैक्स चोरी की आशंका लग रही है।

सोमवार सुबह करीब 10 वाहनों में सवार एक दर्जन से अधिक अधिकारी सुबह 7 बजे सीए सुरेश गुप्ता के बैंक



कॉलोनी स्थित निवास पर पहुंचे। साथ ही टीम उनके न्यू रोड स्थित ऑफिस में पहुंचकर समांतर कार्रवाई की। टीम ने आयकर अधिकारी गुप्ता के घर और ऑफिस के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की। घर के मुख्य द्वार को अंदर से बंद रखा गया है, जबकि बाहर सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। किसी भी बाहरी व्यक्ति को आने-जाने पर प्रतिबंध लगाया। सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य फर्जी टीडीएस रिटर्न दाखिल कर टैक्स रिफंड दिलवाने के गोरखधंधे का भंडाफोड़ करना है। बताया गया है कि ये सीए और उनसे जुड़ी फर्में 20 प्रतिशत या उससे अधिक कमीशन लेकर फर्जी दस्तावेजों के जरिए रिफंड दिलाते थे। प्रारंभिक जांच में करोड़ों रुपये की टैक्स चोरी के प्रमाण मिले हैं। सभी दस्तावेजों की जांच की जा रही है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की जानकारी दी जाएगी।

**फाईलें और दस्तावेज जब्त किए**

सूत्रों के अनुसार टीम ने कार्रवाई करते हुए न्यू रोड स्थित सुरेश गुप्ता एंड कंपनी के कार्यालय में भी सघन छानबीन हुई। यहां बड़ी संख्या में टैक्स रिटर्न से संबंधित फाइलें, टीडीएस दस्तावेज और कई संदिग्ध रिकॉर्ड जब्त किए गए हैं। टीम डिजिटल डाटा भी खंगाल रही है।

## सावन सोमवार : शिवालयों में महादेव के जयघोष की गूंज

नवभारत न्यूज

रतलाम। सावन प्रथम सोमवार को शहर सहित जिलेभर के शिवालयों में महादेव के जयघोष लगे। अल सुबह से

**भगवान श्री गढ़कैलाश की 1 हजार 111 दीपों से महा आरती**

भोलेनाथ के भक्त मंदिरों पर पहुंचे और भगवान महादेव को प्रसन्न करने श्रद्धा-भक्ति से पूजा-अर्चना की। भोलेक्तों ने भगवान का पंचामृत से अभिषेक किया। वहीं बिल पत्रों को भेंज कर पूजा आर्चना की। शहर के अति प्राचीन श्री गढ़कैलाश महादेव मंदिर के गर्भगृह को रंग-बिरंगी रगों के छातों से सजाकर भगवान का आकर्षक रोशनी से श्रृंगार किया गया। श्री गढ़कैलाश महादेव मंदिर पर सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों का दर्शन के लिए तांता लगा रहा। यहां शाम को 1 हजार 111दीपों से महाआरती की गई। वहीं शहर के शास्त्री नगर स्थित सिविक सेंटर श्री काशी विश्वनाथ महादेव मंदिर में भी भक्तों का दर्शन-पूजन, वंदन के लिए तांता लगा रहा। मंत्रों उच्चरण के साथ अभिषेक किया गया। वहीं जिले के प्रसिद्ध शिव मन्दिरों में जय जय महादेव के जयघोष की गूंज रही।



## खाद्य विभाग की टीम ने दूध, किराना दुकान से लिए सेंपल

नवभारत न्यूज

**रतलाम/जावरा।** कलेक्टर राजेश बाथम के निर्देशन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन रतलाम के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा मिलावट के विरूद्ध कार्यवाही लगातार जारी

**खाद्य विभाग की मिलावट के विरुद्ध कार्यवाही लगातार जारी**

है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी शैलेश कुमार गुप्ता द्वारा रतलाम क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए डालुमोदी बाजार में स्थित गोकुल डेयरी का निरीक्षण कर घी का नमूना लिया गया, बजना बस स्टैंड रतलाम स्थित देवनारायण दूध डेयरी से घी का नमूना लिया गया। इसी प्रकार टाटानगर स्थित चारभुजा ट्रेडर्स का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खाद्य तेल एवं मसाले लूज विक्रय करते पाए गए। उक्त खाद्य प्रतिष्ठान से सोयाबीन तेल लूज एवं हल्दी पाउडर के नमूने लिए इसी प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी ज्योति बघेल द्वारा जावरा में कार्यवाही करते हुए बेगम पूरा जावरा स्थित सुहाना होटल का निरीक्षण किया व तड़का (सब्जी का), सेव टमाटर की सब्जी, रिफाइंड सोयाबीन तेल एवं दही का नमूने लिए गए, हुसैन टेकरी जावरा स्थित उस्मान ट्रेडर्स से बासमती चावल एवं उड़द दाल का नमूने लिए गए एवं हुसैन टेकरी बामनखेड़ा स्थित अली हुसैनी स्वीट्स एवं सोहन हलवा का निरीक्षण कर सोहन हलवा का नमूना लिया गया। विभिन्न खाद्य संस्थानों का निरीक्षण कर सभी दुकान संचालकों को अपने परिसर में स्वच्छता बनाए रखने और गुणवातायुक्त खाद्य पदार्थो का निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय करने के निर्देश दिए गए। लिए गए सभी नमूने जांच हेतु भोपाल स्थित राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जाएंगे। जहां से प्राप्त जांच रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।



## ढोल नगाड़ों की धुन के साथ निकली भव्य रथ यात्रा

**रतलाम।** धर्म नगरी रतलाम की पावन भूमि पर श्री सोनाणा खेतलाजी के परम उपासक भक्त शिरोमणि शांतिलाल लादाजी

**एक शाम श्री सोनाणा खेतलाजी के नाम**

भंडारी की तेरहवीं पुण्यतिथि पर ढोल नगाड़ों एवं श्री सोनाणा खेतलाजी के सुमधुर भजनों पर नृत्य करते हुए भक्तों के साथ भव्य रथ यात्रा आयोजित हुई।

श्री सोनाणा खेतलाजी भक्त मण्डल रतलाम के अंकित भटेवरा ने बताया कि श्री सोनाणा खेतलाजी के परम भक्तराज वचन सिद्ध राज राजेंद्र भंडारी के पावन सानिध्य में आज 14 जुलाई 2025 को प्रात: 9.30 बजे माणक चौक स्थित श्री हनुमान मंदिर से हनुमान जी का पूजन अर्चन करने के पश्चात भव्य रथ यात्रा प्रारम्भ हुई। रथ यात्रा माणक चौक से प्रारम्भ होकर घांस बाजार, गणेश देवरी, डालुमोदी बाजार, महलवाड़ा, थावरिया बाजार से होती हुई रत्नेश्वर रोड़ स्थित श्री सेठिया मैरिज गार्डन पहुंची। जहां रथ यात्रा का स्वागत किया गया। रथ यात्रा में बड़ी संख्या में भक्तगण सुमधुर भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। भव्य रथ यात्रा में में पं. दीपक शर्मा मुख्य पुजारी माँ ओसिया धाम, जोधपुर, भक्त मोहनलाल जवानमल सांकरिया मुम्बई, किशोर भंडारी, सुरेश केशरचंद तांतेड़, पोपटलाल शांतिलाल सालेचा, नवीन कुमार सुरेश कुमार खाटेड शामिल हुए।



**यह रहे आकर्षण का केन्द्र**

भव्य रथ यात्रा में म्यूजिकल बैंडबाजों की पार्टी, महाँकाल की तोपची, माताजी खेतलाजी की ज्योत गाड़ी, शांतिलाल बाबजी का रथ, आदिवासी नृत्य मण्डली (छोटा उदयपुर), दस पटाका, 5 घोडे, गजराज, नृत्य कलाकार नृत्य करते हुए चल रहे थे।



## पंचायत उप निर्वाचन के लिए हुआ रेण्डमाईजेशन

**रतलाम।** रतलाम जिले की तीन ग्राम पंचायतों के उपचुनावों के लिए सोमवार को कलेक्टोरेट के एनआईसी में ईवीएम का रेन्डमाईजेशन किया। रेन्डमाईजेशन जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती लालाबाई शंभूलाल चंद्रवंशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ शालिनी श्रीवास्तव एवं पंचायत के जनप्रतिनिधिओं के उपस्थिति में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी श्रेय भावसार द्वारा किया गया। जिसमें रतलाम विकासखण्ड में दो ग्राम पंचायत कुंआझागर एवं ग्राम पंचायत कलमोड़ा, पिपलोदा विकासखण्ड में ग्राम पंचायत मावता के सरपंच के उपचुनाव के लिए ईवीएम का रेन्डमाईजेशन किया गया।

## एसपी ने पुलिस लाइन में किया पोधारोपण

**रतलाम।** रतलाम पुलिस लाइन में हरियाली महोत्सव के अंतर्गत रतलाम पुलिस द्वारा इंडियन ऑयल रतलाम के सहयोग से पुलिस लाइन रतलाम में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा द्वारा पुलिस लाइन में वृक्षारोपण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई एवं स्वच्छता किट वितरित की गई।

इस दौरान रक्षित निरीक्षक मोहन भार्रावत, सूबेदार मोनिका सिंह चौहान, इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड पाइपलाइन डिपार्टमेंट से सुपरवाइजर ओम मिश्रा एवं सुपरवाइजर मिथिलेश कुमार गुप्ता के साथ पुलिस लाइन का का समस्त बल भी उपस्थित रहा इसके साथ में आइओसीएल एवं समस्त उपस्थित द्वारा वृक्षारोपण किया गया।



## तेज रफ्तार पर ब्रेक, 50 स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनेंगे

**सैलाना।** नगर परिषद ने तेज रफ्तार वाहनों पर रोक लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। नगर के मुख्य मार्गों पर 50 से ज्यादा स्थानों पर स्पीड ब्रेकर बनाए जा रहे हैं। इसके लिए परिषद पांच लाख रुपए का खर्च करने जा रही हैं। इस काम की शुरुआत सोमवार से शुरू हो गई है।

नगर में बीते कई दिनों से नाबालिग और युवा बिना नंबर की बाइक लेकर तेज रफ्तार से सड़कों पर फर्राटेदार दौड़ रहे थे। जिस कारण कई हादसे हो चुके हैं व राहगीर घायल भी हुए हैं। इस संबंध में नागरिकों ने पुलिस प्रशासन को कई बार जानकारी दी। इसके बावजूद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला लक्की ने बताया नगर के आमजन की सुरक्षा की दृष्टि के चलते परिषद ने यह निर्णय लिया है इसी के चलते नगर के प्रमुख मार्गों पर स्पीड ब्रेकर लगाए जा रहे है।

अब तेज रफ्तार के वाहनो से नगर के नागरिको को मुक्ति मिलेगी। परिषद द्वारा इससे पहले नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर भी रोक लगा चुकी है।

अब तेज रफ्तार वाहनों पर भी कार्रवाई की जा रही है। ब्रेकर लगने के बाद नगर के नागरिको ने अध्यक्ष शुक्ला की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया है।




In The Court Of II District And Additional Sessions Judge, District Court, Ratlam
Presiding Officer: आशीष श्रीवास्तव
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अंतर्गत प्रकाशन हेतु)
(RCA/0000082/2018)

धनसिंह ........वादी
Vs
हीरा......... प्रतिवादी Process Id-/2025
पेशी दिनांक: 18/08/2025

प्रेषिती-
(1) हीरा पिता कालूजी पता-ग्राम मुंदड़ी तहसील व जिला रतलाम म.प्र.
(2) बाबु पिता कालूजी पता-ग्राम मुंदड़ी तहसील व जिला रतलाम म.प्र.

यह कि प्रार्थी धनसिंह ने आपके विरूद्ध आवेदन पत्र नियमित दीवानी अपील अंतर्गत धारा 96 सीपीसी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जो सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है, पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेजों पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 14 July 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। **(आशीष श्रीवास्तव)**
द्वितीय जिला न्यायाधीश रतलाम (म.प्र.)


## छत पर शराब की खाली बोतलें और अव्यवस्थाए देख भड़के सीएमओ

**जावरा।** चौपाटी बस स्टेंड पर संचालित सुलभ शौचालय की छत पर शराब की खाली बोतलें, घास फूस, वाश रूम के रास्ते में बिखरा सामान, वाश बेसन पर साबुन की कमी, कॉम्प्लेक्स में लगे पीले बल्ब सहित अन्य समस्याएं नजर आने पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी राहुल शर्मा ने नाराजगी जताते हुए संबंधित कर्मचारी की जमकर खबर ली। इसके साथ ही उन्होंने अगले एक सप्ताह के अंदर यहां पदस्थ कर्मचारी महेन्द्र को व्यवस्थाएं सुधारने के निर्देश दिए। दरअसल मुख्य नपा अधिकारी शर्मा ने सोमवार को स्वास्थ्य विभाग प्रभारी लोकेश कुमार विजय के साथ शहर की सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया। प्रात: करीबन पौने नो बजे बस स्टैंड परिसर में स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स पहुंचे सीएमओ शर्मा व विजय को कॉम्प्लेक्स में बहुत सारी अव्यवस्थाएं दिखने पर उन्होंने यहां तैनात कर्मचारी महेंद्र को जमकर फटकार लगाई। नपा अधिकारियों को निरीक्षण के दौरान सुलभ शौचालय की छत पर शराब की खाली बोतलें व छत पर समुचित साफ-सफाई के अभाव में घास फूस उगी नजर आई। हाथ धोने के वाश बेसन के पास साबुन नहीं होने और कॉम्प्लेक्स कर्मचारी का सामान नीचे बिखरा पडा देख उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए साबुन रखने व सामान हटाने की हिदायत कर्मचारी को दी। उन्होंने कॉम्प्लेक्स में लगे बिजली के पीले बल्ब की जगह सीएफएल लगाए जाने की बात भी कर्मचारी से कही। सीएमओ शर्मा ने बस स्टैंड क्षेत्र के सफाई दरोगा, मेट के साथ ही अन्य सफाई मित्रों को ड्रेस में समय पर कार्यस्थल पहुंचने हेतु निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि नगर में जहां कहीं मृत पशु की सूचना मिले तो तुरंत पहुँचकर हटाएं।

**एक नजर में** — श्री जागनाथ महादेव के साथ ही सभी शिवालय भक्तों से पटे रहे-

# सावन के प्रथम सोमवार पर सजे भोले के दरबार, हुआ श्रृंगार

**जावरा।** भूत भावन भगवान भोलेनाथ की भक्ति के मास सावन के पहले सोमवार की नगर भर में धुम रही। शहर के मुख्य शिवालय श्री जागनाथ महादेव के साथ ही सभी शिवालय भक्तों से पटे रहे, ब्रह्म मुहूत से लेकर भक्तों की कतारे शिवालयों के बाहर देखने को मिली। सुबह जलाभिषेक के साथ ही भोलेनाथ के दर्शनों के लिए भक्त मंदिरों पर जुटने लगे। सुबह से लेकर दोपहर तक अभिषेक हुए, शाम को सभी शिवालयों पर भोले का आकर्षक श्रृंगार किया गया। जागनाथ महादेव मंदिर के साथ ही शहर के अन्य शिव मंदिरों पर पुरे सावन मास में भगवान भोलेनाथ की महाआरती के साथ विभिन्न धार्मिक आयोजन होते है।

सावन माह के प्रथम सोमवार को 250 साल पुराने श्री जागनाथ महादेव का भांग, ड्राय फ्रुट और अमेरिकन डायमंड से आकर्षक श्रृंगार किया गया। इधर श्री मंशापुरण हनुमान मंदिर पर भी भोलेनाथ का भांग और मावे से श्रृंगार किया गया। पीपलीबाजार स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर पर रूई से आकृति में आकर्षक श्रृंगार किया गया। ढोल-मंजीरों के साथ महाआरती कर प्रसाद वितरण की गई। लाभार्थी कन्हैयालाल राठौर डेनी रहे। चौपाटी बस स्टेण्ड स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर व श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर भोलेनाथ का मावे से आकर्षक श्रृंगार द्वारा किया गया। पुजारी रामदास बैरागी द्वारा शाम 7.30 बजे भोलेनाथ की महाआरती की गई। गीता भवन अमरनाथ महादेव मंदिर में भोले का भांग और मावे आकर्षक श्रृंगार किया। शितला माता प्रांगण में भोले का मावे से श्रृंगार किया गया। इसके अलावा शहर के अन्य मंदिरों में भी मनमोहक श्रृंगार हुए।







